उपसभापति महोदय, एआईसीटीई और दूसरी टीचर ट्रेनिंग संस्थाएं, टीचर्स को ट्रेनिंग देती हैं। बच्चों को comprehensive शिक्षा मिलती, evaluation होती, तो यह एक्ट बहुत बढ़िया था। इस एक्ट में कोई कमी नहीं थी, कोई detention होनी भी नहीं चाहिए थी, क्योंकि कई बच्चे परीक्षाओं से डरकर सुइसाइड तक कर लेते हैं। वे बोर्ड की परीक्षाओं से डरते हैं, बाकी परीक्षाओं से डरते हैं, परंतु मुझे यह कहते हुए खेद है कि न तो एनसीटी ने ऐसे कोर्स बनाए, जो बच्चों को पढ़ा सकें, टीचर्स को ट्रेनिंग दे सकें और किस लेवल पर इस देश में शिक्षा का स्तर होना चाहिए था, जिसमें वे उठ सकें, न ही स्कूलों के लिए infrastructure create करने की तरफ राज्य सरकार और केन्द्र सरकार ने कोई ध्यान दिया। आरटीई एक्ट में यह प्रोविज़न था कि एक किलोमीटर, तीन किलोमीटर, पांच किलोमीटर के दायरे के अंदर प्राथमिक स्कूल, मिडिल स्कूल और प्रिपेरेटरी स्कूल शुरू से होने चाहिए, जो पूरे हिन्दुस्तान में नहीं हो पाए हैं। इस एक्ट के तहत प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत बच्चे फ्री पढ़ाने का

प्रोविज़न था, जिसकी मॉनिटरिंग राज्य सरकारों को करनी थी। मुझे यह कहते हुए खेद है कि 36 राज्यों में से 20 राज्यों ने आरटीई एक्ट को लागू ही नहीं किया और जिन 16 राज्यों ने लागू किया, उन राज्यों मे भी उस पर सरकारों की निगरानी नहीं है। दिल्ली सरकार कंप्यूटर के माध्यम से एंश्योर करती है कि सभी अमीर और बड़े-बड़े पोलिटिशियन के बच्चों के साथ गरीब लोगों के बच्चे भी पढ़ें और उन 25 परसेंट बच्चों को बढ़िया से बढ़िया प्राइवेट स्कूलों में दाखिला मिले, इस बात को दिल्ली सरकार एंश्योर करती है। इस एक्ट के तहत सारी की सारी राज्य सरकारों को एंश्योर करना चाहिए था, ताकि आरटीई एक्ट के तहत समान शिक्षा का अधिकार पूरे हिन्दुस्तान में लागू हो सके। इसके तहत जो 25 परसेंट बच्चे पढ़ते हैं, उनका खर्चा राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को मिलकर देना चाहिए था और जिन सोलह राज्यों में यह आरटीई एक्ट लागू हुआ है, उनमें भी यह पूर्णत: नहीं दिया जा रहा है। मैं यह कह सकता हूं कि दिल्ली सरकार हर महीने 2242 रुपए एलकेजी से लेकर पाँचवीं कक्षा तक के हर गरीब बच्चे के लिए उस प्राइवेट स्कूल को देती है, जहां पर गरीब बच्चे को पढ़ाया जाता है। उसकी यूनिफार्म के लिए 1,100 रुपये दिए जाते हैं। इसी प्रकार, मिडिल क्लास, यानी पाँचवीं से लेकर आठवीं कक्षा के लिए 2,225 रुपये दिए जाते हैं और उसकी यूनिफार्म के लिए 1,400 रुपये दिए जाते हैं, ताकि उन बच्चों को महसूस हो कि हम भी बढ़िया स्कूलों में पढ़ने का हक़ रखते हैं। इस प्रकार, देश में एक समान शिक्षा की बात वहाँ पर आती है।

श्री उपसभापति: माननीय सुशील गुप्ता जी, आपका समय खत्म हुआ।

श्री सुशील कुमार गुप्ता: सर, मैं एक मिनट और ले रहा हूं। जनाब, मैं कहता हूं कि यह ऐक्ट बहुत बढ़िया था। इस ऐक्ट के अंदर अमेंडमेंट करने की जरूरत पड़ती है - संसाधनों के अभाव के अंदर, इस ऐक्ट के अंदर अमेंडमेंट करने की जरूरत पड़ रही है - कोशिश के अभाव के अंदर। यह फैसला राज्य सरकारों के ऊपर छोड़ देना चाहिए। जिस प्रकार से दिल्ली सरकार ने शिक्षा के अंदर अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं, विशेषकर स्कूली शिक्षा के अंदर, मैं इस हाउस के माध्यम से उम्मीद करता हूं कि पूरा हिन्दुस्तान शिक्षित होगा और यह तभी हो सकता है जब शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए जाएँ। दिल्ली सरकार अपने बजट में से 25 परसेंट पैसा शिक्षा के ऊपर सीधा-सीधा लगाती है, जबकि अन्य सरकारें नहीं लगा पातीं और भारत सरकार 3.7 परसेंट लगाती है। मैं करबद्ध प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस हिन्दुस्तान को शिक्षित करने के लिए हमारे बजट के अंदर इस मद में थोड़ी-सी बढ़ोत्तरी की जाए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: अब आप अपनी बात खत्म कीजिए, अब मैं अगले स्पीकर को बुलाऊंगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री सुशील कुमार गुप्ता: आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्रीमती छाया वर्मा (छत्तीसगढ़): सर, आज सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन के अवसर पर माननीय शिक्षा मंत्री जी ने जो नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) विधेयक लाया है, उस पर मुझे बोलने का अवसर मिला, उसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, मैं इस बिल का समर्थन करती हूं, लेकिन कुछ शर्तों के साथ। हम बिना ज्ञान के आँख रहते हुए भी अंधे कहलाएंगे। मैं उस राज्य से आती हूं, जहां पर आदिवासी, जहां पर जंगल, जहां

[श्रीमती छाया वर्मा]

पर अनुसूचित जाति और जहां पर अधिकांशत: गरीब लोग निवास करते हैं। वहां पर प्राइवेट स्कूल्स बहुत ज्यादा हैं और सरकारी स्कूल्स जंगल में हैं, बहुत दूर-दूर पर हैं, इसलिए वहां पर अनिवार्य रूप से बिना परीक्षा के पास करने को मैं प्राथमिकता देती हूं, लेकिन वहां टीचर्स की उपलब्धता हो और उन स्कूलों को साधन-सम्पन्न बनाया जाए। जब हम परीक्षा लेते हैं और अगर कोई बालक पाँचवीं कक्षा के बाद फेल हो जाएगा, तो उसके मन में एक हीन भावना घर कर जाएगी, वह अपने आपको अन्य बच्चों से अलग महसूस करेगा और इस तरह से dropouts की संख्या बढ़ेगी, इसलिए उनको आठवीं कक्षा तक अनिवार्य रूप से पास करते जाना चाहिए।

मैं इस सदन को एक छोटी-सी कहानी के माध्यम से बताना चाहूंगी कि शिक्षा इंसान के लिए कितनी जरूरी है। एक आदिवासी महिला, जो कि पढ़ी-लिखी नहीं थी, उसके यहां एक बार एक डाकिया डाक लेकर आया और उस महिला को एक चिट्ठी पकड़ा गया। वह महिला उस पत्र को हाथ में लेकर रोने लगी और जब उसके पास उसके पड़ोस की महिलाएं आईं, तो वे भी रोने लगीं। इस तरह से पूरा मोहल्ला इकट्ठा हो गया और सब लोग रोने लगे। वे किसलिए रो रहे हैं, यह किसी को पता नहीं था। जब बाद में उस महिला का बेटा आया, तब उसने उनको बताया कि इस चिट्ठी में यह लिखा है कि पापा को नौकरी मिल गई है, उसके बाद सब लोग खुश हुए। मेरे कहने का मतलब यह है कि कम से कम पढ़ने लायक शिक्षा प्राप्त करना और साक्षर होना बहुत जरूरी है। मैं इस बिल का पूरी तरह से समर्थन करती हूं और मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं कि वे इतना अच्छा बिल लाये। यह ठीक है कि आदिवासी स्कूलों में बच्चे पढ़ाई में आठवीं कक्षा तक पास हो जाते हैं, लेकिन पढ़ाई के साथ-साथ तीरंदाज़ी जैसी अन्य विवध कलाएं भी होती हैं, जिनमें आदिवासी बच्चे देश भर में अपना नाम रोशन करते हैं और इस तरह से अन्य प्रतिभाओं को भी बढ़ने का अवसर मिलता है। मैं इस बिल का समर्थन करते हुए आपका धन्यवाद देती हूं।

श्री उपसभापति: छाया जी, शिक्षा का essence बताने के लिए धन्यवाद। माननीय श्री एन. गोकुलकृष्णन।

SHRI N. GOKULAKRISHNAN (Puducherry): Mr. Deputy Chairman, Sir, the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 was having a provision of 'no detention policy'. That means, no child can be held back in classes 1 to 8 until completion of elementary school.

The new Bill of 2018 has proposed an Amendment of sub-Sections 1 to 4 under Section 16 of the Act, which empowers the Central and the State Governments to allow school to hold back child in class 5, class 8 or in both classes.

It also mandates conducting regular examination in class 5 and class 8 at the end of every academic year. In case the child fails in class 5 or class 8 examination, that child will be given additional chance or an opportunity to appear for re-examination within a period of two months from the declaration of the result. Sir, the Bill also empowers the

Union and the State Governments to decide whether to hold back or not to hold back child in any class till completion of elementary education. This Bill also gives free hand to the respective Governments to take any decision as there is no consensus arrived among States with regard to going for 'no detention policy' or to hold back the child. I am worried that this Amendment is again getting diluted because the question of how many States are going to implement this Amendment and how many of them are going to keep 'no detention policy' is still not known. Sir, the experts have recommended rolling back the 'no detention policy' either partially or completely. The reasons are (i) lack of preparedness of the education system to support the policy; (ii) automatic promotion system derails children from working hard; (iii) low accountability of teachers; (iv) low learning outcomes; and (v) lack of proper implementation of continuous and comprehensive evaluation and its integration with teacher training. Sir, till the year 2017, continuous and comprehensive evaluation mechanism prevailed, but it was later on withdrawn by the Government. No doubt that 'no detention policy' is more useful to bring down the school dropouts. On the other hand, we cannot hide the fact that the standard of elementary education has also dropped to a larger extent. Now, there are 66.41 lakh teachers employed both in Government and private schools. Among those teachers, about 11 lakh teachers are still untrained and they have been given an opportunity to get trained before March, 2019. Further, the Government had extended online facility to the teachers to train themselves in the name of *Swayam* Platform. In this regard, I would like to know how many of the untrained teachers have availed this opportunity and qualified themselves. Whether the Government intends to extend the deadline further to enable the left out teachers to qualify? Sir, the statistics says that in the primary level, the school dropouts is only 4 per cent, whereas it shoots up to 17 per cent in the secondary level. It is mainly because of automatic promotion from Class 1 to Class 8. But, it is not in the case of secondary level, that is, from Class 9 onwards. They have to undergo examinations for getting promotions. The sad fact is that the children are not up to the standard to take on examinations. In fact, this was the system that was in vogue before the present Act came into existence. Though, we found fault with that system, the students concentrated on their studies and showed semblance of involvement in reading, out of fear of examinations. This helped them to cope with the learning process to a greater extent. But, the free pass given by the present Act in the form of 'no detention policy' could not bind them to a continuous process of learning. Apart from the examination factor, the other major factor for dropouts is the poor economic background of the families wherein the children are compelled to take menial jobs to support their families. Though the Child Labour Act prohibits employment of children, the system of child labour still exists. Providing mid-day meals, giving free

[Shri N. Gokulakrishnan]

uniform sets, books and notebooks and conducting evening courses would only partially address the issue. Sir, the Economic Survey Report 2015-16 pointed out that only 42 per cent of students from Government schools in Class 5 are able to read a Class 2 text. It reveals that the performance of the students on an average had gone down and they have not been trained properly. This is where the Government school teacher's commitment to the profession and accountability to the society become vital. If we compare private school teachers and Government school teachers, the performance of the private school teachers is more admirable than the latter. In fact, the Government school teachers are getting more salary than that of the private school teachers.

Sir, regarding students' performance, it is better to evaluate a child over a graded system instead of numerical marks pattern, which paves way for comparison among the student community. It affects their morale. This may, in the long run, dissuade a child from the process of learning.

Sir, I would like to submit some of the inputs arrived at by *Maadhyam*, a forum for citizens to engage in policy making. *Maadhyam* undertook a thorough stakeholder consultation and submitted a report. This report summarises the reasons for supporting withdrawal of 'no detention policy', wherein it increases teacher's accountability, proper assessment of children through exams thereby establishing a link between performance and outcome. Thereby, it seeks to ensure better learning.

Sir, children are the future of the country and if they are not competent enough, owing to 'no detention policy', there will be a dearth of intellectuals. Hence, *Maadhyam* opined that exams are necessary.

Before I conclude, I would like to bring to the notice of this august House that the new generation children have more I.Q. compared to that of older generation. Hence, I would like to strike an analogy between the robust foundation required for an engineering marvel and the strong education foundation of students for a better future.

For this purpose, I request the Minister of Human Resource Development to enlarge the scope of free and compulsory education from pre-primary to secondary level within the age group of 3-16 years. I am suggesting this because most of the job recruitments, both in Government as well as in the private sector, demand at least a pass in tenth standard. In this context, Tamil Nadu Government is a pioneer, as it is planning to bring pre-primary into the elementary education from the ensuing academic year.

Before I conclude, I feel that giving option to the State Government on 'no detention policy' should be coupled with the improvement in the quality of teaching education and retention of the students.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Gokulakrishnanji. Please conclude.

SHRI N. GOKULAKRISHNAN: If that is ensured, I hope that the students' performance and the dropout ratio at the secondary level will certainly improve as envisaged by the proposed Amendment.

With these words, I conclude and I support this Amendment on behalf of my party.

श्री उपसभापति: माननीय अनुभव मोहंती जी, आपकी पार्टी के पास एक ही मिनट का समय बचा है, परन्तु आप इतने सक्षम हैं कि दो मिनट में अपनी बात बहुत सुन्दर तरीके से कह सकते हैं।

श्री अनुभव मोहंती (ओडिशा): सर, देश के बच्चों का मामला है। थोड़ा सा consider कीजिएगा।

श्री उपसभापति: हमने पहले से ही समय बढ़ा कर दो मिनट कर दिया है।

SHRI ANUBHAV MOHANTY: Sir, the Right of Children to Free and Compulsory Education Act got passed in 2009, implemented in 2010, and a very big Amendment came in 2018. So, the entire move has been based on popular perception of traditional system of examination, which has no scientific base at all. Nobody has conducted any study to see the impact of 'no detention policy' in schools where Continuous and Comprehensive Assessment (CCA) has been followed in letter and spirit. Sir, the CCA is a child-friendly assessment process of assessing the competence of the children at different points of time during the year in a comprehensive manner instead of half-yearly and yearly examinations. The traditional examination is basically meant for class promotion and detention. The CCA is meant for taking corrective measures, for improvement of performance of children by the teachers at different points of time during the year. Therefore, CCA is more progressive in nature and many nations have been adopting this since long.

Sir, 'no detention policy' was supposed to be complemented by Continuous and Comprehensive Assessment which is based on the principle that if the children are not learning, it is not their fault; rather fault lies somewhere else, such as parents, teachers, school environment, curriculum, text-books and teaching learning process. Sir, only 10 per cent of the schools in the country comply with the RTE Act even after seven years of implementation of the Act, which has a detrimental effect on the learning of children. Instead of ensuring implementation of the Act, the Government is trying to blame 'no detention policy'. I fear if the Government will come in the future with more...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude now.

SHRI ANUBHAV MOHANTY: Sir, I will conclude.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. You have already taken two minutes.

SHRI ANUBHAV MOHANTY: Sir, if this happens, then the situation of the school education will get worsened. If examination detention system will be introduced, more children will be pushed out of the school, drop-out rate will increase which is against the spirit of RTE Act. So, Sir, I will only support the Bill, if the Government assures the House that this amendment will be beneficial for the children of our country. Sir, our children are the future of our nation. We cannot just play with their lives and their future for our own faults. We cannot penalise children for the system's faults. We have to correct ourselves first and whatever amendments you have brought have to be properly implemented, properly executed and you have to assure the House. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank You.

SHRI ANUBHAV MOHANTY: Sir, finally I will close. Sir, finally, the Government must increase the budget for the children's education, when we are talking about free and compulsory education to the children. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Mr. Mohanty. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANUBHAV MOHANTY: Sir, for the Odisha Adarsh Vidhyalaya, the Government had promised to give a good amount to the Odisha Government but they did not continue after very short time ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: अब मैं अगले स्पीकर को invite करूंगा।

SHRI ANUBHAV MOHANTY: The hon. Minister has already visited the Kalinga Institute of Social Sciences, (KISS) ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: माननीय अशोक सिद्धार्थ। Please conclude. ...*(Interruptions)*... अशोक सिद्धार्थ जी, आप अपनी बात कहिए। आपकी बात ही रिकार्ड पर जा रही है। ...**(व्यवधान)**... अशोक सिद्धार्थ जी, कोई और बात रिकार्ड पर नहीं जाएगी, केवल आपकी बात रिकार्ड पर जाएगी।

श्री अशोक सिद्धार्थ (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं आपके और सदन के माध्यम से पूरे देशवासियों को राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। वे देश की पहली महिला शिक्षिका थीं। वे अशिक्षित थीं और उनके पति महात्मा ज्योतिराव फुले ने उन्हें शिक्षित बनाने का काम किया था।

7.00 P.M.

श्रीमन्, मैं अपनी पार्टी की लीडर आदरणीय बहन जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने के लिए अधिकृत किया है। श्रीमन्, शिक्षा मनुष्य के लिए महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि शिक्षा मनुष्य को मान और अपमान में भेद का एहसास कराती है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि इस देश में सामाजिक और शैक्षणिक गैर-बराबरी हमेशा से रही है। इस देश में पहली बार किसी ने अगर शैक्षणिक गैर-बराबरी को समापत करने के लिए संघर्ष करने का काम किया तो वह महात्मा ज्योतिराव फुले थे। दूसरे छत्रपति साहूजी महाराज हैं। महोदय, बड़े दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि जहां एक तरफ आज़ादी को लगभग 72 वर्ष बीत गए हैं, तब हम 'The Right of Children to Free and Compulsory Education (Amendment) Bill' ला रहे हैं, जबकि श्री छत्रपति साहूजी महाराज ने अपनी रियासत में 24 जुलाई, 1917 को प्राथमिक शिक्षा को मुफ्त और अनिवार्य लागू करने के लिए न सिर्फ Education Reform Committee बनाने का काम किया, बल्कि गुणवत्तापरक शिक्षक एवं शिक्षा दिए जाने के लिए उन्होंने कानून भी बनाया। क्योंकि वे पिछड़े समाज से ताल्लुक रखते थे, कुनबी समाज से ताल्लुक रखते थे, इसलिए उन्होंने वंशानुगत शिक्षकों की भर्ती के स्थान पर सेलेक्शन कमेटी के द्वारा शिक्षकों की भर्ती स्टार्ट करने का काम किया था। उन्होंने अपनी रियासत में गुणवत्तापरक शिक्षा सभी समाज के लोगों को देने का काम किया।

माननीय उपसभापति महोदय, इन्हीं महापुरुषों के बताए रास्तों पर चलकर हमारी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की चार-चार बार लोकप्रिय, जनप्रिय, न्यायप्रिय मुख्य मंत्री रही परम आदरणीय बहन सुश्री मायावती जी जब-जब उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं, उन्होंने प्राथमिक शिक्षा एवं स्त्री शिक्षा पर विशेष बल देने का काम किया। इसके लिए उन्होंने 88,000 बीटीसी प्रशिक्षित शिक्षकों की भर्ती करने एवं माता सावित्रीबाई फूले बालिका शिक्षा मदद योजना के अंतर्गत 25 हज़ार रुपए और एक साइकिल दिए जाने का प्रावधान किया था। जो आज हम "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" का नारा लगाते हैं, आदरणीय बहन जी ने अपनी सरकार में उस समय बेटी बचाने के साथ-साथ बेटी पढ़ाने का काम प्रारम्भ करने का काम किया था। यह विडंबना है कि आज देश में स्कूलों में, जैसा कि विदित है, छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की भारी कमी है। उत्तर प्रदेश, जो आबादी के हिसाब से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है, उसमें लाखों की संख्या में...

श्री उपसभापति: माननीय अशोक जी, आपका समय समाप्त हो गया है।

श्री अशोक सिद्धार्थ: सर, मैं एक मिनट में समाप्त कर रहा हूं। लाखों की संख्या में शिक्षकों की कमी है।

मैं अपने इन सुझावों के साथ इस बिल का समर्थन करता हूं। जो मान्यता प्राप्त करने वाले स्कूल होते हैं, उनमें मान्यता प्राप्त करने वालों की जो पद्धति बनाई जाती है, उसमें ऐसे लोगों को नियुक्त किया जाए, जो न रिश्वत लेते हों और न लेने दें। दूसरा, एक तरफ हमारे प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि One Nation, One Tax और एक भारत, श्रेष्ठ भारत। लेकिन आज तक हमारे भारत के प्रधान मंत्री जी ने, हमारे शिक्षा मंत्री जी ने यह कभी नहीं कहा कि One Nation, One Education .One Nation, One Education तब तक नहीं होगा, जब तक हम प्राथमिक शिक्षा पर बल नहीं देंगे और quality education is not possible without having one education system in the country. इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री उपसभापति: माननीय राम कुमार कश्यप जी।

श्री राम कुमार कश्यप (हरियाणा): धन्यवाद, सर। नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) विधेयक, 2018 एक बहुत ही महत्वपूर्ण बिल है। इस बिल में आठवीं क्लास तक फेल नहीं करने की नीति में संशोधन करने की बात कही गई है। जब इसमें संशोधन हो जाएगा तो बोर्ड के माध्यम से पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं ली जाएंगी। ...**(व्यवधान)**...

SHRI S.R. BALASUBRAMONIYAN (Tamil Nadu): Sir, I have a point of order. ...(Interruptions)...

SHRI VIJAY GOEL: Sir, I propose to extend the time till the debate is over. ...(Interruptions)... Till the Bill is passed. ...(Interruptions)...

श्री उपसभापति: मुझे लगता है कि आम सहमति बनेगी। सदन की राय है तो इसे हम और बढ़ाएंगे। कश्यप जी, आप अपनी बात खत्म करें।

श्री राम कुमार कश्यप: सर, इस बिल के आने से बोर्ड के माध्यम से पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं ली जाएंगी और परीक्षा में जो बच्चा फेल हो जाएगा, उसको फिर दुबारा दो महीने का टाइम देकर उसकी परीक्षा ली जाएगी। अगर पुन: वह फेल हो जाता है, उसको स्कूल से नहीं निकाला जाएगा, परंतु उसको वापस उसी क्लास में रखा जाएगा। मैं समझता हूं कि इस बिल के आने से शिक्षा के स्तर में बहुत ...**(व्यवधान)**...

SHRI T. K. RANGARAJAN (Tamil Nadu): Sir, it is seven o'clock. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We have taken the sense of the House. ...*(Interruptions)*... We will dispose of this Bill. ...*(Interruptions)*... You are such a senior Member. ...*(Interruptions)*... We have decided that. ...*(Interruptions)*...

SHRI VIJAY GOEL: Sir, he will be the last speaker. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. D. Raja. ...*(Interruptions)*... हम लोगों ने sense of House लिया है। राजा साहब, प्लीज़ आप बोलिए। ...*(Interruptions)*... Shri D. Raja, please speak. ...*(Interruptions)*... He will take just two minutes. ...*(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Then you postpone it. ...*(Interruptions)*... We will have it on Monday. ...*(Interruptions)*...

श्री राम कुमार कश्यप: सर, मैंने अभी अपनी बात खत्म नहीं की। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आपका समय खत्म हुआ। ...**(व्यवधान)**... राजा साहब, आप अपनी बात कहिए। ...**(व्यवधान)**... राजा साहब की बात के अलावा कुछ और रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। ...**(व्यवधान)**...

SHRI S. R. BALASUBRAMONIYAN: *

SHRI K. K. RAGESH: *

श्री उपसभापति: राजा साहब, आप अपनी बात कहिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI D. RAJA: Sir, everybody is speaking. ...*(Interruptions)*...

SHRI K. K. RAGESH: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ragesh, I am not allowing you. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record except what Shri D. Raja says. ...*(Interruptions)*... Shri D. Raja. ...*(Interruptions)*... आज sense of House के तहत यह तय हुआ है। ...**(व्यवधान)**... आज हम लोग इतने अच्छे माहौल में काम कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... Let us finish it. ...*(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA: I am ready. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri D. Raja, I am telling you to start speaking. ...*(Interruptions)*... हम लोगों ने समय लिया है। ...**(व्यवधान)**... Rageshji, I am not allowing you. ...(Interruptions)... इस बिल के लिए तीन घंटे का समय तय किया था। ...**(व्यवधान)**... इसे घटाकर अब एक घंटे का समय तय किया था। ...**(व्यवधान)**... राजा जी, अब आप बोलें। ...**(व्यवधान)**... Rajaji, please. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record except what Shri D. Raja says. ...*(Interruptions)*... Rajaji, please address the Chair. ...*(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA: Sir, we heard a number of speeches. ...*(Interruptions)*... Probably I am the last speaker. I rise to oppose this Bill. I do not agree with the understanding of the Government on this issue. Sir, ideally speaking, this Bill should have been referred to a Select Committee for further scrutiny by consulting educationists, psychiatrists and psychologists with regard to children and their welfare.

Sir, what is this Amendment? This Amendment is for detention of children, thereby increasing the number of dropouts of our children. In fact, education is not a privilege; it is a right. But there is a distressing trend in our country. Education is becoming increasingly privatized and commercialized. We do not have access to quality education for all our children. Children are children, our children. They must have access to quality education. We do not have common school system. Government should have thought of common school system. Government should have thought of other things. The previous Government brought forward a Bill for free and compulsory primary education and I thought this Government will bring forward a Bill for free and compulsory secondary and

*Not recorded.

[Shri D. Raja]

higher education. That would have been a credit for Mr. Javadekar, my good friend, but he has not brought forward such an amendment. He is bringing forward an amendment for detention. That is why I am saying that even at this stage, the Minister can defer this Bill for further consultation and for further scrutiny. He can defer this Bill. I am telling you. Now, you appointed a commission under the chairmanship of Mr. Kasturirangan, who was our colleague in Rajya Sabha. What happened to that report? ...*(Interruptions)*... It is ready! Where is that report?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please address the Chair.

SHRI D. RAJA: Earlier, we had a commission headed by Mr. T.S.R. Subramanian. I do not know what happened. Some recommendations were not agreeable to the Government. You shelved that report. Now, the Minister says that the Kasturirangan Report is ready. When are we going to see that Report? We don't know. What I am trying to say is that the Government does not have a mechanism to update the syllabus when and where it is necessary. Even today in Class-XI, I can say that the history book says that Aung San Suu Kyi is under house arrest. Maybe, she was under house arrest some time back. Now, she is not under house arrest. But, the same thing is taught in class. How can you blame the children for all such things? Even when Free and Compulsory Primary Education Bill was discussed in this House, I raised the question about the children in the age groups of 0-6 and 14-18 years. Does the nation have concern for these children or not? It is left to the State Governments because education is in the Concurrent List. For children in the age group of 0-6 years, there may be *anganwadi* and midday meal schemes, but it is left to the State Governments. What about the Union Government? The Union Government should have taken the responsibility. Many people have asked the question. Kothari Commission made a recommendation in 1966 that six per cent of GDP be spent on education. Today, we are in 2019. What is the percentage of GDP you are spending on education? Public education and public health are being undermined and given up. This is a very dangerous trend. That is why, I think this Bill needs to be further scrutinized and there is a need for proper consultations with State Governments and with all the stakeholders. I urge upon the Minister to defer this Bill. Let us apply ourselves; collectively, we will think over it. We will put all our heads and efforts together. After all, we are working for the welfare of the children. They are the future of the nation. So, I appeal to the Minister to think over this. With these words, I conclude.

श्री उपसभापति: माननीय हुसैन दलवई साहब। आप अंतिम स्पीकर हैं। आप दो मिनट बोल लीजिए।

(**श्री सभापति** *पीठासीन हुए*)

श्री सभापति: हुसैन दलवई जी को दो मिनट का समय नहीं दीजिए। इनको तीन मिनट का समय दीजिए।

श्री हुसैन दलवई: सभापति जी, यह सरकार इस अमेंडमेंट के जरिए, जो वर्ष 2009 में लॉ बनाया गया था, उसे खत्म करने की बात कर रही है। यदि ऐसा किया जाएगा, तो वर्ष 2009 का कानून नेगेट हो जाएगा। इसलिए मैं सरकार और मंत्री महोदय से अपील करूंगा और उन्हें यह मालूम ही होगा कि सावित्रीबाई फुले की आज जयन्ती है। जब मैं सावित्रीबाई फुले का नाम लेता हूं, तो उनके साथ फातिमा शेख का नाम भी लेता हूं, क्योंकि फातिमा शेख हमेशा सावित्रीबाई फुले के साथ ही रहती थीं। महात्मा फुले ने एजुकेशन के लिए जो काम किया था, उसमें महिलाओं की एजुकेशन के लिए बहुत काम किया था, इसलिए मैं उनका अभिवादन करता हूं।

महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि continuous and comprehensive evaluation की व्यवस्था कानून में पहले से ही है। यदि पांचवीं कक्षा के बाद आप उन्हें बाहर निकालेंगे, तो बिल्कुल गलत होगा। एक तो यदि बच्चा फेल है-फेल है यह कहेंगे, तो उस बच्चे के दिमाग में यह बात जाएगी कि मैं फेल हो गया हूं और उसके मां-बाप भी बोलेंगे कि जब मेर में दिमाग ही नहीं है, तो तू क्यों पढ़ता है। अपने देश में ऐसी हालत है। उसे आप देखिए। मेरा कहना है कि बच्चों का हर महीने एग्जामिनेशन लेना चाहिए। यह कम्पल्शन टीचर्स के ऊपर होनी चाहिए। श्री जावडेकर जी, मैं एक बात और बताना चाहता हूं कि मेरी पोती चार साल की है। वह चार लेंग्वेजेज बोलती है। वह मराठी बहुत अच्छी बोलती है, वह इंग्लिश अच्छी बोलती है, वह हिन्दी अच्छी बोलती है और तेलुगु भी बहुत अच्छी बोलती है, क्यों? क्योंकि उसके घर के सारे लोग पढ़े-लिखे हैं। जिनके घर के लोग पढ़े-लिखे नहीं हैं, वहां टीचर्स को उनके मां-बाप बनना चाहिए और उन्हें पढ़ाना चाहिए, उन्हें सिखाना चाहिए। उन्हें पढ़ाने के लिए कहीं लाइब्रेरी नहीं होती, कहीं अच्छी लेबोरेटरीज नहीं होतीं, कहीं अच्छी इमारत नहीं होती और कहीं-कहीं तो उनके बैठने के लिए बैंचेज़ भी नहीं होतीं।

महोदय, मैं आपकी मालूमात के लिए बता दूं कि मुस्लिम बच्चों की इस बारे में हालत बहुत खराब है। देश में 30 प्रतिशत मुस्लिम बच्चे चाइल्ड लेबर हैं, ऐसा क्यों है? क्योंकि उनकी ऐसी स्थिति ही नहीं है कि वे पढ़ सकें। इसलिए आपको यह देखना चाहिए कि उन्हें किस प्रकार से पढ़ने में मदद की जाए। आप ऐसा न करके जो उल्टा काम कर रहे हैं, वह मेरे ख्याल से बिल्कुल गलत है।

मुझे मालूम है कि यह डिमांड सारे लोगों ने की है। इसलिए आप इस अमेंडमेंट को कर रहे हैं, लेकिन सारे लोग जो कहते हैं, वह सही हो, यह भी ठीक नहीं है। इसलिए हम लोगों को कहीं न कहीं दो कदम आगे बढ़ कर सोचना चाहिए। मैं कहूंगा कि आप इस अमेंडमेंट को पास करने के बजाय, स्कूलों को ज्यादा से ज्यादा पैसा दीजिए। मेरा तो यह कहना है कि दिल्ली में जैसे बजट में 25 परसेंट पैसा एजुकेशन पर खर्च किया गया, तो उसका दिल्ली में अच्छा असर देखने को मिल रहा है। वैसा आप भी कीजिए। कहीं न कहीं कुछ कमियां तो रहेंगी। वे धीरे-धीरे ही ठीक होंगी।

महोदय, जब मैं पढ़ता था, तो मुझे यह बताया जाता था कि इस देश में एक स्टेट केरल ऐसी है, जो सबसे ज्यादा पढ़ी है और दुनिया में एक देश चीन ऐसा है, जो सब से गरीब है। आज एजुकेशन की वजह से दोनों आगे गए हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि देश में एजुकेशन सबको मिलनी चाहिए। इसलिए कहीं न कहीं आप ऐसा प्रयास कीजिए जिससे देश के हर बच्चे को एजुकेशन मिल सके।

श्री सभापति: श्री हुसैन दलवई, कृपया बैठिए।

श्री हुसैन दलवई: महोदय, आपको तो मालूम है कि कम्पल्सरी एजुकेशन के बारे में ऐसी रिपोर्ट्स आई हैं, उनसे पता लगता है कि कम्पल्सरी एजुकेशन के लिए जो पैसा रखा गया था, वह भी खर्च ही नहीं हुआ। वह क्यों खर्च नहीं होता, उसमें क्या दिक्कत है, आप उसे देखिए। मेरे ख्याल से आप इस अमेंडमेंट को न करें, और पीछें जाएं, तो बहुत अच्छा होगा, धन्यवाद।

श्री सभापति: नहीं, आगे बढ़ना चाहिए, पीछे क्यों जाना चाहिए।

श्री प्रकाश जावडेकर: सभापति जी, मैं सभी माननीय सदस्यों - श्री महेश पोद्दार, श्री जावेद अली खान, श्री मो. नदीमुल हक, श्री प्रसन्न आचार्य, श्री राम नाथ ठाकुर, श्री के.के. रागेश, प्रो. मनोज कुमार झा, श्री सुशील गुप्ता, श्रीमती छाया वर्मा, श्री एन. गोकुलकृष्णन, श्री अनुभव मोहंती, श्री अशोक सिद्धार्थ, श्री राम कुमार कश्यप, श्री डी. राजा और श्री हुसैन दलवई का आभार व्यक्त करता हूं। इस विषय पर बहुत अच्छी चर्चा हुई और मुझे इस बात की बहुत खुशी है।

महोदय, मुद्दा क्या है, इस बिल को यहां क्यों लाया गया है, इस पर मैं संक्षेप में अपनी बात पांच मिनट में कहकर समाप्त करूंगा। यह बिल इसलिए आया कि जब शिक्षा की चर्चा करते हैं, तो सभी लोग रोजाना यह बताते हैं कि पांचवीं कक्षा के छात्र को तीसरी कक्षा का गणित नहीं आता या आठवीं कक्षा के छात्र को छठी कक्षा का पाठ पढ़ना नहीं आता। अगर यह learning outcomes है, तो यह क्यों है, इसका अध्ययन हुआ? सभी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों ने यहां दो दिन बैठक की और वे 25 राज्यों के मुख्य मंत्रियों के मैसेज लेकर आए थे और उसमें सभी पार्टियों के शिक्षा मंत्री थे। उस मीटिंग में सभी ने कहा कि हमें इस पद्धति में बदलाव चाहिए और इसे बदलने की हमें परमीशन चाहिए। चार राज्यों ने कहा कि नहीं, we are okay with no detention. इसलिए मैंने यह उपाय किया कि इसे हम राज्यों पर छोड़ेंगे। So, this Bill is nothing but to give power to the States. टीएमसी, जो रोज़ कहती है तो स्टेट को पावर दो, यही पावर तो दे रहे हैं कि स्टेट्स तय करेंगे कि no detention चालू रखना है या उसमें बदलाव करना है। आज के दिन तक मेरे पास जो सारी जानकारी आई है, उसके अनुसार 25 राज्य बदलाव चाहते हैं, 4 राज्य नहीं चाहते हैं। पहली बात तो यह है कि हम यह अधिकार राज्यों को दे रहे हैं, दूसरी बात यह है कि आज सभी ने भाषण में यह कहा कि comprehensive evaluation होना चाहिए, यानी हर सप्ताह टीचर लिखेगा कि स्टूडेंट कैसे प्रोग्राम कर रहा है। यह नहीं हो रहा है, इसलिए यह बिल आया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री रवि प्रकाश वर्मा (उत्तर प्रदेश): सर, एक मिनट ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Please, please. ...*(Interruptions)*...

SHRI RAVI PRAKASH VERMA: I have a question on this. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Let him complete. ...*(Interruptions)*...

SHRI RAVI PRAKASH VERMA: Sir, I have an important issue to raise. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Let him complete. ...*(Interruptions)*...

श्री प्रकाश जावडेकर: सर, comprehensive evaluation पर मैं विश्वास रखता हूं, लेकिन हमारे 11 लाख सरकारी स्कूल हैं और अगर हम वहां देख रहे हैं कि अनेक कारणों से, उसकी चर्चा में बहुत समय जाएगा, लेकिन यह नहीं हुआ है। राज्य सरकारों की मांग थी, इसलिए हमने, केंद्र ने सर्वसम्मति से यह निर्णय किया। यहां स्टैंडिंग कमेटी में भी गया और स्टैंडिंग कमेटी में सभी पार्टीज़ के प्रतिनिधि थे, उसमें राज्य सभा के 10 और लोक सभा के 20 सदस्य थे, सभी ने मिलकर एक राय से इस बिल को सम्मति दी है। इसमें क्या है, मैं इसके बारे में पहले ही बताना चाहता हूं कि यह बिल किसी को भी स्कूल से बाहर निकालने का नहीं है। यह परीक्षा लेने की बात है। मैं यह कहना चाहता हूं कि कंपीटीशन कोई किलर नहीं होता है। बच्चे खेल में भी रोज कंपीटीशन करते हैं। वे जब क्रिकेट खेलते हैं या कोई खेल खेलते हैं, तो आपस में कंपीटीशन भी करते हैं। It is a good spirit. वे इसी आनंद से परीक्षा दें। अगर कोई बच्चा उसमें पीछे रह जाता है, तो उसे दो महीने में remedial teaching देने की टीचर्स की जिम्मेदारी होगी। अब जिम्मेदारी के बाद, दो महीने के बाद वे इसको देंगे और देने के बाद अगर उसमें यह हुआ तो वह अधिकार हमने राज्यों को दिया है, इसलिए मुझे लगता है कि इसमें किसी को बाहर निकालने का मुद्दा नहीं है। अभी तक यह हो रहा है कि आठवीं क्लास तक ड्रॉपआउट नहीं है, क्योंकि परीक्षा ही नहीं है, लेकिन नवीं में बीस परसेंट ड्रॉपआउट है और दसवीं क्लास में और बीस परसेंट ड्रॉपआउट है। क्या यह एक अच्छा चित्र है कि शिक्षा में जो पाठ पढ़े हैं, उनका कुछ भी आता नहीं है। हम यह कोई शिक्षा नहीं दे रहे हैं। हम केवल उनको आगे-आगे कर रहे हैं। यह सबकी मांग थी, यह पेरेंट्स की मांग थी। हम राज्यों को यह छूट दे रहे हैं। एक सवाल यह भी पूछा कि परीक्षा कौन लेगा? यह कोई बोर्ड की परीक्षा नहीं होगी, यह तो स्कूल की परीक्षा होगी, जैसे बचपन में हमारे स्कूल में होती थी, वैसे ही school will take the examination. सभी ने जो एक सुझाव दिया, वह मुझे मंजूर है कि शिक्षा के ऊपर ज्यादा खर्च होना चाहिए। 2014 में अपने यहां शिक्षा पर 82 हज़ार करोड़ का बजट था। अब, इस साल, जो नई व्यवस्था है, हायर एजुकेशन में फायनेंस भी किया, उसके मार्फत इस साल 30 हजार करोड़ की सैंक्शन हुई है। 1 लाख, 15 हज़ार करोड़, क्योंकि 85 हज़ार करोड़ रुपये मूल बजट है और यह नया मिला है, तो 1 लाख 15 हज़ार करोड़ रुपये उससे खर्च हो रहा है। यह 40 परसेंट इंन्क्रीज़ है। हमारा यह आग्रह है कि यह खर्च और भी बढ़ाना चाहिए। मैं आज इसलिए सबको धन्यवाद दूंगा कि सावित्रीबाई फुले जी का उनकी जन्म-जयंती पर सभी ने स्मरण सबने किया, उन्होंने फातिमा शेख के बारे में भी कहा। जो भी सारे शिक्षक हैं, जिन्होंने भारत में शिक्षा फैलाने का काम किया, उन सभी का स्मरण करते हुए मैं कहना चाहता हूं कि आपने दोनों शिक्षा बिल पास किए हैं, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN:The question is:

"That the Bill further to amend the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill. In Clause 2, there are two Amendments (Nos. 1 and 2) by Dr. T. Subbarami Reddy; he is not there. So, the Amendments are not moved.

Clause 2 was added to the Bill.

Clause 3 was added to the Bill.

MR. CHAIRMAN: In Clause 1, there is one Amendment (No.3) by the Minister, Shri Prakash Javadekar.

CLAUSE 1 - SHORT TITLE AND COMMENCEMENT

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Sir, I move:

(3) That at page 1, line 3, *for* the word and figure "Act, 2018", the word and figure "Act, 2019" be *substituted.*

The question was put and the motion was adopted.

Clause 1, as amended, was added to the Bill.
The Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI D. RAJA: Sir, we are not satisfied with the reply. Even the amendments are. ...*(Interruptions)*... That is why we are walking out. That is what I am telling you.

(At this stage some hon. Members left the Chamber.)

श्री रवि प्रकाश वर्मा: सर, हम लोग भी इस जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, इसलिए हम लोग भी सदन से walk out कर रहे हैं।

(इस समय कुछ माननीय सदस्य सदन से बाहर चले गए।)

MR. CHAIRMAN: Now, Mr. Minister to move that the Bill, as amended, be passed.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Sir, I move:

That the Bill, as amended, be passed.

The question was put and the motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: Mr. Minister, the message should be, no detention, but everybody will be retained; retention in the school.

The House stands adjourned till 1100 hrs on Friday, the 4th January, 2019.

The House then adjourned at twenty-two minutes
past seven of the clock till eleven of the clock
on Friday, the 4th January, 2019.